प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

प्रधानमंत्री नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष की बैठक का विषय है विकसित भारत के लिए विकसित राज्य–2047 शासी परिषद की बैठक में इस विषय पर चर्चा होगी। बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उप राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री व नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी बैठक में भाग लेंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुर्किये से सेब पर आयात शुल्क को 100 फीसदी बढ़ाने की मांग भी करेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। यात्राओं के दौरान सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जनजातीय जिला किन्नौर के जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। वहीं लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर में पूर्व विधायक रवि ठाकुर तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा बीते 12 मई से 25 मई तक देश भर में तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल चंबा और भटियात विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने, मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, पर्यटकों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तार से समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जोत जैसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल में पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, ऐसे में सुविधाओं का उन्नयन समय की आवश्यकता है।

एडवाइजरी

जनजातीय जिला किन्नौर में इन दिनों भारी गर्मी पड़ रही है जिसके चलते पहाड़ों में बर्फ और ग्लेशियर बड़ी तेजी से पिघल रहे हैं जिससे सतलुज नदी के जलस्तर में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। किन्नौर के उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा ने लोगों को उसके आसपास न जाने की हिदायत दी है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं सी बी आई करेगी विमल नेगी मौत मामले की जांच, टीम में हिमाचल का अफसर नहीं होगा। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है हाई कोर्ट ने सी बी आई को दी विमल नेगी की मौत की जांच–जांच टीम में हिमाचल कैडर का कोई अधिकारी शामिल न करने की हिदायत।

दैनिक सेवरा टाइम्स ने लिखा है सी एम सुक्खू ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष उठाया ग्रीन बोनस का मुददा। दैनिक जागरण के शब्द हैं अरविंद पनगढ़िया से मिले सी एम सुक्खू, ग्रीन बोनस की मांग और राजस्व घाटा अनुदान बढ़ाने का उठाया मामला।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है हिमाचल में आज तूफान, ओलावृष्टि का खतरा, आठ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी।

अमर उजाला के अनुसार आठ एच ए एस अफसर बने आई ए एस।